हिंदी दैनिक

# न्यूज़ वायरस

वर्ष : 11 अंक : 243 देहरादून, बुधवार, 22 मार्च, 2023 मूल्य : एक रुपया पृष्ठ : 08



यशपाल आर्य ने लिखी सीएम धामी को चिट्ठी, वजह है मौसम 3

# हिमालयी राज्य आपदाओं की दृष्टि से अत्यंत संवेदनशील : मुख्यमंत्री






**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून , 22 मार्च , मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने ''आपदा प्रबंधन के लिए आधुनिक तकनीक के उपयोग पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन'' में कहा कि हिमालयी राज्य आपदाओं की दृष्टि से अत्यंत संवेदनशील हैं। यहाँ पर भूकंप, भूस्खलन, बादल फटना, वनाग्नि आदि प्राकृतिक आपदाएं घटित होती रहती हैं, जिससे अत्यधिक जन-धन की हानि होना स्वाभाविक है। इन आपदाओं से निपटने का एक ही उपाय है ''प्रोएक्टिव अप्रोच'' मुख्यमंत्री ने कहा कि आपदाओं के साथ-साथ भूकम्प हमारे प्रदेश के लिये बहुत बड़ा खतरा है, इस तरह की आपदाओं से बचने के लिए आपदा से पूर्व चेतावनी के लिए आधुनिक तकनीक के उपयोग की दिशा में विशेष ध्यान देना होगा। उन्होंने कहा कि वर्ष 2013 में केदारनाथ आपदा के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में केदारनाथ में जिस प्रकार पुनर्निर्माण कार्यों को युद्ध स्तर पर सम्पादित किया गया, उसके कारण बहुत कम समय में ही केदारपुरी का न केवल पुनर्निर्माण किया गया, बल्कि बाबा केदार के धाम को और भी अधिक विहंगम एवं आलौकिक स्वरूप प्रदान किया जा सका। मुख्यमंत्री ने कहा कि भूकंप के अलावा ज्यादातर आपदायें बरसात के मौसम में ही घटित होती रही हैं, परन्तु पिछले कुछ वर्षों में आपदाएं हर मौसम में आ रही हैं। इसको देखते हुए राज्य को आपदाओं का सामना करने के लिये विशेष तैयारी की आवश्यकता है। जागरूकता और पूर्व चेतावनी से आपदाओं से होने वाले नुकसान को काफी कम किया जा सकता है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि इस कार्यशाला से जो भी निष्कर्ष निकलेंगे वे हमारे राज्य के लिए ही नहीं वरन अन्य हिमालयी राज्यों के लिए भी लाभप्रद होंगे। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी, सचिव आपदा प्रबंधन डॉ. रंजीत सिन्हा, अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी सविन बंसल, अपर सचिव आनन्द श्रीवास्तव एवं आपदा प्रबंधन से संबंधित विषय विशेषज्ञ मौजूद थे।

# किसान क्रेडिट कार्ड से मिलने वाली सुविधाओं में इज़ाफ़ा






**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

भारत सरकार द्वारा संचालित किसान क्रेडिट कार्ड योजना पशुपालन और मत्स्य पालन गतिविधियों के लिए पात्र लाभार्थियों को अल्पकालिक ऋण प्रदान करती है। पूर्व में किसान क्रेडिट कार्ड का उपयोग कृषि कार्यों से सम्बन्धित गतिविधियों हेतु किया जाता था, परन्तु वर्तमान में किसान क्रेडिट कार्ड योजना द्वारा पशुपालन एवं मत्स्य पालन से सम्बन्धित गतिविधियों हेतु लाभार्थियों को अल्पकालिक ऋण प्रदान किया जाता है। किसान क्रेडिट कार्ड योजना के लिए 1.60 लाख रूपये तक किसी भी परिसम्पति को बंधक रखने की आवश्यकता नहीं है। बैंकों द्वारा निर्धारित अवधि में ऋण भुगतान करने पर किसानों से मात्र 04 प्रतिशत ब्याज ही लिया जाता है।

किसान क्रेडिट कार्ड योजना के तहत पशुपालकों को एक ए.टी.एम. कम क्रेडिट कार्ड प्राप्त होता है जिसका उपयोग पशुपालकों द्वारा नकदी निकालने के लिये किया जाता है। क्रेडिट कार्ड के माध्यम से पशुपालक पशुपालन से सम्बंधित तात्कालिक आवश्यकताओं से सम्बन्धित जैसे पशुओं हेतु चारा-दाना की व्यवस्था, दवा, उपचार एवं अन्य व्यवस्था आसानी से कर सकता है. और उसे इन कार्यों के लिए धन की व्यवस्था करने में परेशानी नहीं उठानी पड़ती है। इसके साथ ही उच्च ब्याज दरों में किसी साहूकार इत्यादि से धन लेने की आवश्यकता नहीं पड़ती है। केसीसी के माध्यम से लिये गये ऋण को 12 माह में किस्तों द्वारा जमा किया जाता है। वार्षिक समीक्षा करें बाद हर साल किसान क्रेडिट कार्ड की अधिकतम सीमा बढ़ाई जा सकती है।

प्रदेश के पशुपालन मंत्री सौरभ बहुगुणा के द्वारा किये गये अथक एवं विशेष प्रयासों से भारत सरकार द्वारा कुल वितरित किये गये के.सी.सी. की संख्या के आधार पर कुल आवंटित लक्ष्यों के सापेक्ष 77 प्रतिशत लक्ष्यों की प्राप्ति कर देश में प्रदेश को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। वर्तमान में राज्य के 79508 लाभार्थियों को इस योजना से लाभान्वित किया जा चुका है।





# राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को चैत्र नवरात्रि के पावन पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं दी

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने समस्त प्रदेशवासियों को चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है साथ ही उन्होंने सभी को हिन्दू नववर्ष की भी बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। अपने संदेश में राज्यपाल ने कहा की इस वर्ष हम चैत्र नवरात्रि को नारी शक्ति उत्सव के रूप में मना रहे हैं। आने वाले नौ दिन हम सभी माँ दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा एवं आराधना करेंगे। उन्होंने कहा की यह पर्व हमारे लिए तभी पूर्णतः सार्थक होगा, जब हम समाज के हर क्षेत्र में बेटियों को बेटों के समान स्नेह, सम्मान और अवसर प्रदान करेंगे। राज्यपाल ने माँ दुर्गा से सभी प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि तथा उत्तम स्वास्थ्य की कामना की है।

उधर, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेशवासियों को नव संवत्सर के साथ ही चैत्र नवरात्रि की शुभकामनाएं दी है। चैत्र नवरात्रि को शक्ति की उपासना का पर्व बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पर्व हमें नवीन उत्साह के साथ देश व समाज की सेवा की भी प्रेरणा देता है।


अपने संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय सनातन परम्परा में किसी भी शुभ कार्य के प्रारम्भ में संकल्प लेने का विधान रहता है। शक्ति के अनुष्ठान का यह पर्व रचनात्मक एवं सृजनात्मक कार्यों के प्रति प्रेरणा प्रदान करने वाला हो इसका हमें संकल्प लेना होगा। यह नवसंवत्सर सभी के जीवन में सुख, समृद्धि प्रदान करने वाला हो इसकी भी उन्होंने कामना की है।

# राज्यपाल ने किया राजभवन देहरादून से आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान (एरीज) नैनीताल में स्थापित चार मीटर

न्यूज वायरस नेटवर्क

देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने मंगलवार को राजभवन देहरादून से आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान(एरीज) नैनीताल में स्थापित चार मीटर आईएलएमटी(इंटरनेशनल लिक्विड मिरर टेलीस्कोप) का वर्चुअली उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम में केन्द्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह भी वर्चुअल रूप से उपस्थित रहे।

उद्घाटन के अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि आईएलएमटी के रूप में एक और शक्तिशाली टेलीस्कोप की स्थापना न केवल भारत और इसके सहयोगी देशों के लिए बल्कि पूरे विश्व लिए गौरव की बात है। यह भारतीय वैज्ञानिकों की अनुसंधान के क्षेत्र में गहन प्रतिभा और विश्व समुदाय के साथ सहभागिता का यह उत्कृष्ट उदाहरण है। उन्होंने कहा कि भारत के वैज्ञानिक दुनिया के वैज्ञानिकों के साथ शोध एवं अनुसंधान के हर क्षेत्र में एक बड़ी भूमिका निभा रहे हैं जो हम सभी के लिए गर्व की बात है। राज्यपाल ने कहा कि यह महान उपलब्धि हमारे वैज्ञानिकों की गहरी सोच



और वैज्ञानिक प्रगति के प्रति भारत सरकार की प्रतिबद्धता का एक महत्वपूर्ण उदाहरण है। अंतरिक्ष विज्ञान की अनंत सीमाओं को जानने और समझने की दिशा में यह एक दूरगामी कदम है। यह टेलीस्कोप भारतीय अंतरिक्ष विज्ञान की प्रगति के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगी। इस टेलीस्कोप की स्थापना से जहां ब्रह्मांड के रहस्यों को खोजने में मदद मिलेगी वहीं प्रदेश में एस्ट्रो-टूरिज्म के क्षेत्र में भी मदद मिलेगी। इसके साथ-साथ ही अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में अनुसंधान के लिए संभावनाओं के द्वार खोलेगा।

राज्यपाल ने कहा कि आईएलएमटी हमारे अंतरिक्ष अनुसंधान के क्षेत्र में गहरी जिज्ञासा रखने वाले वैज्ञानिकों और शोधकर्ताओं के लिए एक नया वरदान साबित होगी और ब्रह्मांड के बारे में हमारे शोध एवं अनुसंधान के क्षेत्र में सहायक होगी। उन्होंने इस परियोजना से जुड़े देशों बेल्जियम, कनाडा, पोलैंड और उज्बेकिस्तान के वैज्ञानिकों, विशेषज्ञों और शोधकर्ताओं को इस नई उपलब्धि के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह विज्ञान के क्षेत्र में हमारे उल्लेखनीय अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को भी प्रदर्शित करने वाला एक मिशन है। इस अवसर पर एरीज के निदेशक डॉ0 दीपांकर बनर्जी सहित विभिन्न देशों के वैज्ञानिक एवं प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया।

# अब लीजिये श्मशान घाट में बर्थडे और प्री वेडिंग का मज़ा !

## गुजरात के बनासकांठा जिले के डीसा में बना श्मशान



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 22 मार्च , ऐसा श्मशान घाट शायद ही आपने कभी देखा हो. इसमें अंतिम संस्कार तो किया ही जाता है, साथ ही पिकनिक मनाने से लेकर प्री-वेडिंग शूट तक के लिए ये लोगों की पसंद बन रहा है. जानिए इसके बारे में सबकुछ और देखिए .... श्मशान का नाम सुनते ही लोगों के होश उड़ जाते हैं. श्मशान में जाना किसी को भी पसंद नहीं है. लेकिन गुजरात के बनासकांठा जिले के डीसा में बना श्मशान स्वर्ग को भी भुला देता है. डिसा में बनास नदी के तट पर 14 बीघे में 5 से 7 करोड़ रुपये की लागत से श्मशान बनाया गया है.








लोग यहां अंतिम संस्कार के लिए तो आते ही हैं, साथ ही साथ बर्थडे सेलिब्रेशन और शादी के प्री-वेडिंग शूट के लिए भी आ रहे हैं.श्मशान में प्रार्थना कक्ष, वरिष्ठ नागरिकों के लिए पुस्तकालय कक्ष, विशाल उद्यान, बच्चों के लिए खेल सुविधाएं, स्मारक परिसर, स्नानागार, शौचालय सहित सुविधाएं हैं. साथ ही गांव की संस्कृति के साथ पेंटिंग, एक पुराना कुआं, जहां पुराने कुएं में संकुल के साथ-साथ बारिश के पानी को स्टोर किया जाता है.

गुजरात के बारडोली में एक श्मशान घाट बनाया गया है। इसकी थीम है एयरपोर्ट। इस श्मशान घाट को एयरपोर्ट की तरह डिजाइन किया गया है और जिसका नाम अंतिम उड़ान मोक्ष यात्रा रखा गया है। इस श्मशान घाट में हवाई जहाज के दो विशाल रेप्लिका रखे गए हैं।






इनके नाम मोक्ष एयरलाइन्स और स्वर्ग एयरलाइन्स हैं। इस श्मशान घाट में अनोखा ये है कि जब भी कोई शव अंतिम संस्कार के लिए यहां पहुंचता है तो एयरपोर्ट की तरह अनाउंसमेंट होती है। अनाउंसमेंट कर बताया जाता है कि किस गेट से प्रवेश करना है। इस घाट पर मृतक के परिजनों को सांत्वना देने और ढांढस बंधाने के लिए इंतजाम किए गए हैं।

इस श्मशान के जिम्मेदार ने मीडिया को बताया कि मिंढोला नदी के किनारे स्थित यह श्मशान मोक्ष एयरपोर्ट में तब्दील हो गया है। बारडोली के लोग इसे श्मशान नहीं बल्कि मोक्ष एयरपोर्ट के रूप देखेंगे। श्मशान शब्द काफी कटु है, यही वजह है कि इसे अंतिम उड़ान मोक्ष एयरपोर्ट नाम दिया गया है। इस श्मशान में 5 चिता स्थल हैं। इनमें से 3 में इलेक्ट्रिक मशीनों से दाह संस्कार किया जाता है। जैसे ही शव को जलाया जाता है, हवाई जहाज की तरह की तरह आवाज आती है। इस श्मशान में शवों के अंतिम संस्कार के लिए 40 गावों के लोग आते हैं। पिछले एक वर्ष से इस श्मशान को मोक्ष एयरपोर्ट में बदलने की कोशिश की जा रही थी।

# यशपाल आर्य ने लिखी सीएम धामी को चिट्ठी, वजह है मौसम





यशपाल आर्य
Yashpal Arya
नेता प्रतिपक्ष
Leader of Opposition

विधान भवन, देहरादून
Vidhan Bhawan, Dehradun
दूरभाष/(Tel):
का./Off. : 0135-2665733
फैक्स/Fax : 0135-2665144
आ./Resi. : 0135-2748200
फैक्स/Fax : 0135-2748200

सं./No. पत्रांक 51 मा.ने.प्र./वि.स., 20
दिनांक/Date : 21/03/2023

माननीय मुख्यमंत्री जी,

कुछ दिनों से प्रदेश भर में हो रही भारी बारिश, तूफान और ओलावृष्टि के कारण पहाड़ से लेकर तराई–भावर तक सब्जियां, फसलों और फलों के बगीचों को नुकसान पहुंचने के कारण किसानों और बागवानी की उम्मीदों पर पानी फेर दिया है।

अपनी मेहनत को प्राकृतिक आपदाओं से बचाने के लिये एक कृषक और बागवान पूरे वर्ष पर्यन्त चिंता और असुरक्षा के भाव में जीता है। कभी भारी बारिश में तो कभी बारिश के अभाव में उसके आंखों के सामने नष्ट होती फसल के साथ उसके सपने चकनाचुर होने लगते हैं। आपदा में टूटी सिंचाई नहरें भी अब तक ठीक नहीं हो पायी हैं। डीजल, पेट्रोल, कीटनाशक, खाद, बीज सब महंगा हो गया है। फसल और उपज का सही दाम नहीं मिल पाने से किसानों को पहले ही आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है।

आलू उत्पादक किसानों को बीमा कंपनियां लगातार बीमे के नाम पर लूट रही हैं। किसानों के विगत वर्षो की बीमा राशि का ही भुगतान अभी तक नहीं हुआ है जबकि फसल बीमा योजना के नाम पर कंपनियां हजारों करोड़ का मुनाफा कमा रही हैं।

इस वर्ष ही नहीं किसान कई वर्षो से लगातार मौसम की मार झेलते आ रहे हैं। उन्हें कई सीजन से सरकार द्वारा उचित मुआवजा नहीं दिया जा रहा है।

मेरा आपसे विनम्र अनुरोध है कि कृपया प्रदेश भर के किसानों और बागवानों की समस्याओं पर सहानुभूतिपूर्वक विचार कर उन्हें अविलम्ब उनके फसलों एवं बगीचों के हुए नुकसान का मुआवजा देने और उनकी फसलों के बीमे की राशि के भुगतान करने हेतु सम्बन्धित को आदेशित करने का कष्ट करें।

आपका,

(यशपाल आर्य)

श्री पुष्कर सिंह धामी जी,
माननीय मुख्यमंत्री,
उत्तराखण्ड सरकार।

निवास: 17 ए, न्यू कैण्ट रोड, हाथीबड़कला, देहरादून - 248 001 (उत्तराखण्ड)
Residence: 17 A, New cantt. Road, Hathibarkala, Dehradun - 248 001 (Uttarakhand)

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून , 22 मार्च , प्रदेश के नेता विपक्ष और कांग्रेस पार्टी के मौजूदा कद्दावर नेता यशपाल आर्य ने बिगड़े मौसम और किसानों की मुसीबत पर एक खत सीएम धामी को लिखा है। जिसका लब्बोलुआब ये है कि किसानों न मुआवजा मिल रहा है और न ही बीमा भुगतान ऐसे में सरकार संवेदनशीलता दिखाए और मौसम की मार से कराह रहे किसान भाइयों को मदद दे।

**किसानों का उठाया यशपाल आर्य ने मुद्दा :** प्रदेश में भारी बारिश और तूफानी हवाओं के कारण पहाड़ से लेकर तराई और भावर तक तेज आंधी के साथ बारिश ने किसानों की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। किसानों-बागवानों की फसलों को काफी नुकसान पहुंचा है। खड़ीफसलों पर भारी बारिश एवं ओलावृष्टि ने कहर ढहा दिया और खेतों में तैयार फसल उजड़ गई। फल व साग-सब्जी तहस-नहस हो चुकी है। दिग्गज यशपाल लिखते हैं कि एक कृषक पूरे वर्ष पर्यन्त चिंता और असुरक्षा के भाव में जीता हैं...कभी बारिश में तो कभी बारिश के अभाव में उसके आँखों के सामने नष्ट होती फसल के साथ उसके सपने चकनाचुर होने लगते हैं..कभी पालें से तो कभी अतिवृष्टि से... किसान चैन की नींद उसी दिन लेता है जब वो अपनी फ़सल को निकालकर घर में लें आता है...लेकिन अपना दुःख दर्द हर बार किसी को नहीं बताता....बस अपना मन समझाने में लग जाता हैं....आगे चिट्ठी में लिखते हैं कि इससे पहले भी लगातार किसान मौसम की मार झेलते आ रहे हैं। लेकिन कई सीजन से सरकार द्वारा उन्हें उचित मुआवजा नहीं दिया जा रहा। आलू उत्पादक किसानों को बीमा कम्पनीयां लगातार बीमा के नाम पर लूट रही है ।किसानों के विगत वर्षों की बीमा राशि का ही भुगतान अभी तक नही हुआ है ।जबकि फसल बीमा योजना के नाम पर कंपनियां हजारों करोड़ का मुनाफा कमा रही हैं। मौसम के साथ किसानों को सरकार अनदेखी की मार भी झेलनी पड़ रही है।

आखिर में वो कहते है कि किसान पहले से ही बुरी तरह त्रस्त है ऊपर से प्राकृतिक मार किसान की आर्थिक स्थिति को और बिगाड़ देगी जिसका सीधा असर उसके परिवार के पालन पोषण पर पड़ेगा और परिवारों को अनिश्चित भविष्य की गंभीर वास्तविकता का सामना करना पड़ेगा। यह राज्य सरकार के लिए करुणा और सहानुभूति के साथ आगे बढ़ने का समय है।

# देहरादून में मोटर वाहन प्रदूषण और परिवहन का भविष्य' विषय पर सेमीनार और प्रदर्शनी का आयोजन



**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

बढ़ते वाहन और इस से बढ़ते प्रदूषण और समाधान को ध्यान में रखते हुए 'देहरादून में मोटर वाहन प्रदुषण और परिवहन का भविष्य' विषय पर आरटीओ मे एक सेमीनार और प्रदर्शनी का आयोजन किया गया. जिसमे कई कॉलेजों के ऑटोमोबाइल तकनीक विषय के कई छात्र-छात्राएं, आईआईटी दिल्ली के प्रोफ़ेसर और कई अन्य तकनीकी जानकारों ने प्रतिभाग किया और मोटर वाहनों से होने वाले प्रदूषण और इसके समाधान के साथ भविष्य के लिहाज़ से तैयार होने वाले वाहनों के विषय पर अपनी राय रखी. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के परिवहन मंत्री चन्दन राम दास शामिल हुए और इस पर अपनी बात रखते हुए कहा कि प्रदुषण की ये समस्या सिर्फ़ देहरादून की नहीं है बल्कि पूरे विश्व की है चाहे एनजीटी हो, सुप्रीम कोर्ट हो या गँगा बचाओ अभियान हो सभी प्रदुषण नियंत्रण और पर्यावरण पर चिंता कर रहे हैं. उत्तराखण्ड प्रदेश की महत्ता गिनाते हुए उन्होंने कहा की हम विश्व को निःशुल्क पर्यावरण दे रहे हैं परन्तु फ़िर भी हम चिंतित हैं कि देहरादून का भविष्य कैसा होगा। चार धाम यात्रा में यात्रियों की सुविधाओं को लेकर उन्होंने बताया की रास्ते में परिवहन विभाग की चौकियां बनाई जाएंगी जहाँ विभाग के व्यक्ति बैठेंगे जो मृदुभाषी और मित्रतापूर्ण व्यवहार का निर्वाह करेंगे जिस से की देवभूमि उत्तराखण्ड की पहचान भारत के साथ विदेशों में भी एक उत्तम बने। देहरादून में इ-वाहनों की ख़रीद के लिए एमएसएमइ ऋण सुविधा भी देगा जिस से विक्रम-बस चालकों को आसानी हो और उनको रोज़गार मिले नाकि छीने।





# 23 मार्च को होगा प्रदेश स्तर पर 'जन सेवा' कार्यक्रम आयोजित



**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून। राज्य सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर प्रदेश स्तर पर 23 मार्च 2023 को 'जन सेवा' कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जनपद अवस्थित रेंजर्स ग्रांउण्ड में मुख्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिसमें माननीय मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी प्रदेशवासियों को सम्बोधित करेंगे। जिलाधिकारी सोनिका ने जनपद में प्रस्तावित 'जन सेवा' कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु एनआईसी सभागार कलेक्ट्रेट में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक कर, कार्यक्रम स्थल पर बहुउद्देशीय शिविर लगाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी को कार्यक्रम स्थल पर सूचना विभाग के साथ समन्वय करते हुए विभागों के स्टॉल लगवाकर जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित करने के निर्देश दिए। मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि कार्यक्रम स्थल पर स्टॉल लगाकर निःशुल्क चिकित्सा परामर्श, जांच, दवाई वितरण आदि से जनमानस को लाभान्वित करना सुनिश्चित करें। कृषि, पशु चिकित्सा, समाज कल्याण, महिला सशक्तीकरण एवं बाल विकास, उद्यान आदि रेखीय विभागों के अधिकारियों को अपने विभाग से सम्बन्धित योजनाओं से जनमानस को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि 24 मार्च से 30 मार्च 2023 तक विधानसभावार विकासखण्ड स्तर पर बहुउद्देशीय शिविर लगाने हेतु अधिकारियों को नामित करें। जिलाधिकारी ने रेंजर्स ग्राउण्ड में आयोजित होने वाले मुख्य कार्यक्रम में सम्बन्धित अधिकारियों को विभिन्न व्यवस्थाएं बनाने के साथ ही कार्यक्रम स्थल पर सफाई इत्यादि समुचित व्यवस्थाओं को दुरस्त बनाये रखने के दिशा निर्देश दिए।

इस अवसर पर मुख्य नगर आयुक्त नगर निगम मनुज गोयल, प्रभागीय वनाधिकारी देहरादून नितिशमणी त्रिपाठी, मुख्य विकास अधिकारी झरना कमठान, अपर जिलाधिकारी प्रशासन डॉ0 एस के बरनवाल, अपर मुख्य नगर आयुक्त नगर निगम जगदीश लाल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 संजय जैन, जिला कार्यक्रम अधिकारी एवं बाल विकास अधिकारी मोहित चैधरी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ0 विद्याधर कापड़ी सहित सम्बन्धित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# आईजी गढ़वाल रेंज करन सिंह नगन्याल ने किया कोतवाली रानीपुर का निरीक्षण







न्यूज़ वायरस नेटवर्क

हरिद्वार। आई.जी. गढ़वाल रेंज महोदय द्वारा जनपद हरिद्वार में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय, पुलिस लाईन व कोतवाली रानीपुर का वार्षिक निरीक्षण कर निम्नलिखित दिशा-निर्देश निर्गत किये गये।

सर्वप्रथम पुलिस लाईन के निरीक्षण के दौरान सेरिमोनियल गार्द द्वारा सलामी दी गयी। शस्त्रागार में शस्त्रों के रख-रखाव सन्तोषजनक पाया गया , स्टोर कार्यालय में निष्प्रयोज्य सामान के नीलामी तथा एन्टी रॉईट उपकरण व बुलेट प्रुफ जैकेट आदि के रख-रखाव हेतु आवश्यक निर्देश दिये गये। *राजकीय वाहनों की पार्किंग के लिए फेब्रिकेटेड शेड के निर्माण हेतु निर्देश तथा पुलिस लाईन में नियुक्त समस्त कर्मचारियों की रोटेशन वार सभी शाखाओं में ड्यूटी लगायी जाय ताकि कर्मचारीगण पुलिस से सम्बन्धित समस्त शाखाओं का अनुभव प्राप्त कर सकें। आधुनिक पुलिस भोजनालय का उदघाटन कर अधिकारी/कर्मचारियों के साथ सूक्ष्म जल-पान किया गया साथ ही पुलिस मॉडर्न स्कूल में छात्रों के आवागमन हेतु क्रय की गयी नयी स्कूल बस को स्कूल प्रशासन के सुपुर्द कर छात्रों से मुलाकात कर उनके उज्जवल भविष्य हेतु शुभकामनाएं दी गयी।

पुलिस कार्यालय में निरीक्षण के दौरान परिसर स्थित गंगा वाटिका का भ्रमण कर वाटिका निर्माण में लगी पूरी टीम की मुक्त कंठ से सराहना कर अधीनस्थों की हौंसला अफजाई की गयी। एकांउट शाखा में कर्मचारियों की भविष्य निधि-पास बुक अपडेट न होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए अपडेट रिपोर्ट तलब करने के निर्देश दिये गये।

पुलिस लाइन व कार्यालय में अभिलेखो के रख रखाव पर आई जी महोदय द्वारा संतोष प्रकट किया गया । इसके पश्चात I.G. महोदय द्वारा समस्त ASP,CO'S,SHO/SO'S का ओ.आर. लेते हुए निर्देश दिये गये।

420 IPC जैसे अपराधो मे गंभीरता से जांच कर FIR दर्ज की जाए। किसी भी प्रकार की विवेचना अनावश्यक लम्बित रहने पर सम्बन्धित CO'S का उत्तरदायित्व तय किया जाए। बताया गया रेंज कार्यालय से समस्त थाना प्रभारियों की मॉनिटरिंग की जा रही है तथा खराब परफॉर्मेंस दे रहे थाना प्रभारियों का मेरे द्वारा चिन्हीकरण किया जा रहा है। समस्त थाना प्रभारी FIR के बाद भली भांति केस का परीक्षण करें झूठे मुकदमों को बिना देरी खत्म करें तथा सही प्रकरणो में साक्ष्य संकलन कर निर्धारित समय में चार्ज शीट माननीय न्यायालय प्रेषित की जाए।

पुलिस मुख्यालय तथा रेंज स्तर पर संचालित अभियान को सभी प्रभारियों द्वारा गम्भीरता से लिया जाए। कोतवाली रानीपुर के निरीक्षण के दौरान लम्बित माल को लेकर आपत्ति जताते हुए तत्काल निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया। कोतवाली रानीपुर के अभिलेखों, शस्त्रागार मालखाना, कर्मचारी मैस का बारिकी से निरीक्षण करते हुए अधूरे रजिस्टरों को अपडेट कर अनुपालन से अवगत कराने के निर्देश दिये गये। निरीक्षण के दौरान SSP हरिद्वार श्री अजय सिंह, SP क्राईम रेखा यादव, SP सिटी स्वतंत्र कुमार, SP देहात स्वपन किशोर, समस्त क्षेत्राधिकारी व समस्त थाना प्रभारी/शाखा प्रभारी उपस्थित रहे।

# श्री गुरु राम राय विश्वविद्यालय में रक्तदान शिविर का आयोजन

## छात्र -छात्राओं ने बढ़ -चढ़कर किया प्रतिभाग




न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून , 22 मार्च , श्री गुरु राम राय विश्वविद्यालय में एक दिवसीय ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया गया।इसका आयोजन श्री गुरु राम राय विश्वविद्यालय के मेडिकल कॉलेज की टीम एवं एनसीसी के सौजन्य से किया गया।विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर उदय सिंह रावत ने रक्तदान शिविर में उपस्थित छात्रों और रक्त दाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि रक्तदान महादान है और हमें विश्व के कल्याण के लिए समय-समय पर रक्तदान अवश्य करना चाहिए।उन्होंने कहा कि कोरोना काल के दौरान रक्त की कमी की वजह से कई लोगों को अपनी जान गवानी पड़ी।

उन्होंने मेडिकल कॉलेज एवं विश्वविद्यालय के मौजूदा स्टाफ की भी प्रशंसा की और कहा कि इस तरह के शिविरों का आयोजन प्रशंसनीय है एवं विश्वविद्यालय में इस तरह के शिविरों का आयोजन समय-समय पर होता रहना चाहिए।कुलपति महोदय ने कहा कि विश्वविद्यालय इस तरह के शिविर का आयोजन कर समाज का कल्याण करने के लिए कृत संकल्प है।वहीं विश्वविद्यालय की डीन अकादमिक डॉ.मालविका कांडपाल ने कहा की रक्त दान केवल दान ही नहीं बल्कि लोगों की ज़िन्दगी को सवारने का बेहतरीन अवसर है। उन्होंने आगे कहा की ब्लड डोनेशन कैंप में लोगों को अपने अंदर की बीमारियों का भी पता चलता है।इस शिविर में विश्वविद्यालय के सभी कैंपस के छात्र-छात्राओं ने बढ़ -चढ़कर रक्तदान किया।

इस दौरान 1 दिन में 110 यूनिट रक्त का संकलन हुआ।इस रक्तदान शिविर के आयोजक मंडल में लेफ्टिनेंट डॉ. खिलेन्द्र, लेफ्टिनेंट अनुष्का काला, डॉ. शेफाली, मोहित चावला और विपिन शामिल रहे।कैंप में उपस्थित छात्रों के उत्साहवर्धन के लिए वहाँ मौजूद शिक्षकों डीन (मानवीकी एवं सामाजिक विज्ञान संकाय )डॉ.सरस्वती काला के साथ ही डॉ. सुनील किस्टवाल, डॉ. मनोज जगुरी, डॉ. मनवीर नेगी, डॉ. बिजेंद्र, डॉ. हितेंद्र ने भी रक्तदान किया।

# मुख्य सचिव ने की ऋषिकेश शहर के मास्टर प्लान के सम्बन्ध में अधिकारियों संग बैठक

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून। मुख्य सचिव डॉ. एस.एस. संधु ने मंगलवार को सचिवालय में ऋषिकेश शहर के मास्टर प्लान के सम्बन्ध में अधिकारियों के साथ बैठक ली। मुख्य सचिव ने कहा कि ऋषिकेश शहर का यातायात चारधाम यात्रा के दौरान अत्यधिक प्रभावित रहता है। उन्होंने ऋषिकेश मास्टर प्लान हेतु सभी सम्बन्धित विभागों को आपसी तालमेल के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।

मुख्य सचिव ने कहा कि ऋषिकेश मास्टर प्लान में 3 जनपद और लगे हुए स्थानीय निकाय भी शामिल हैं। इसके लिए, सभी जनपदों के साथ आपसी समन्वय से इस दिशा में कार्य किया जाए। उन्होंने कहा कि चारधाम यात्रा के दौरान ऋषिकेश की यातायात व्यवस्था चरमरा जाती है। उन्होंने मास्टर प्लान में ऋषिकेश शहर की यातायात व्यवस्था को केंद्र में रख कर प्लान तैयार किए जाने के निर्देश दिए।

मुख्य सचिव ने कहा कि ऋषिकेश बाईपास रोड भी प्रस्तावित है, जो इस समस्या को काफी हद तक कम कर देगी। उन्होंने अधिकारियों को नेशनल हाईवे से संपर्क कर मास्टर प्लान में ऋषिकेश बाईपास रोड को भी शामिल किए जाने के निर्देश दिए। मास्टर प्लान तैयार करते हुए 3 या 5 साल का रोलिंग प्लान का भी प्रावधान रखा जाए। उन्होंने कहा कि आमजन को इस मास्टर प्लान की जानकारी हो, और उनके सुझाव लिए जाएं, साथ ही, उनके द्वारा लगाई जाने वाली आपत्तियों को दूर किए जाने के प्रयास किए जाएं।

इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव आनन्द बद्र्धन, सचिव आवास एस.एन. पाण्डेय, सम्बन्धित जनपदों के जिलाधिकारी और उपाध्यक्ष एमडीडीए बंशीधर तिवारी सहित सम्बन्धित विभागों के अन्य उच्चाधिकारी उपस्थित थे।

# प्रतिनिधि मंडल ने पर्यटन मंत्री से हनोल मास्टर प्लान को धरातल पर उतारने की मांग की

विकासनगर। महासू मन्दिर समिति हनोल के पदाधिकारियों ने पर्यटन धर्मस्व मन्त्री से मिलकर हनोल के विकास के मास्टर प्लान के सम्बन्ध में चर्चा की। क्षेत्र में सडक़ पुल निर्माण की मांग की। महासू पवासी देवता के पाशी बिल बजीर जयपाल सिंह पंवार के नेतृत्व मे समिति का एक प्रतिनिधि मंडल मंगलवार को पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज से मिला। बजीर जयपाल सिंह पंवार ने मन्त्री से कैबिनेट में हनोल के मास्टर प्लान प्रस्ताव पारित होने पर उनका आभार प्रकट किया। प्रतिनिधिमंडल ने प्लान को शीघ्र धरातल पर उतारने की मांग की। साथ ही हनोल ठडियार मोटर मार्ग टौंस नदी पर पवासी मन्दिर को जोडने के लिए पुल व भकवाड़ से आठ किलोमीटर सडक़ भगीयार ठडियार तक जोडने की मांग की। पर्यटन मंत्री ने समिति को आश्वस्त किया कि हनोल को बद्रीनाथ धाम की तर्ज पर विकसित किया जायेगा। पर्यटकों को रहने ठहरने खाने से लेकर हर तरह कि सुविधा मुहैया करा जायेगी। प्राचीन पौराणिक महत्व के साथ साथ आधुनिक सुख सुविधाएं प्रदान की जायेगी। उन्होंने कहा हनोल को जोडने वाली त्यूणी मोरी हनोल सडक़ का चौडीकरण किया जायेगा। आसपास के क्षेत्र का समुचित विकास किया जायेगा। प्रतिनिधि मंडल मे सदस्य राजेन्द्र नौटियाल मातबरसिह राणा, अनूप सिंह राणा, कमलेश चौहान आदि मौजूद रहे।

# जन समस्याओं का शीघ्रता से हो समाधान : पुष्कर सिंह धामी

## विधानसभा क्षेत्रों के विकास कार्यों की होगी तीन माह में समीक्षा

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून , 22 मार्च , विधायकगणों द्वारा अपने विधानसभा क्षेत्र की जो समस्याएं रखी जा रही हैं, उनका अधिकारी शीघ्रता से समाधान करें। अधिकारी यह भी सुनिश्चित करें कि सामान्य प्रक्रिया के तहत चलने वाले कार्यों में अनावश्यक विलंब न हो, उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक में क्षेत्रों की छोटी समस्याएं न आयें, इनका निदान जिलाधिकारी जनपद स्तर पर यथाशीघ्र करें। विधायकगणों द्वारा अपनी विधानसभा क्षेत्रों के जो कार्य प्राथमिकता पर रखे गये हैं, उनमें अनावश्यक विलंब न हो। यह निर्देश मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्यमंत्री आवास में टिहरी लोकसभा क्षेत्र की विधानसभाओं के गतिमान कार्यों एवं विकासपरक योजनाओं की समीक्षा के दौरान अधिकारियों को दिये।







मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा विधानसभाओं की समीक्षा बैठक के दौरान विभिन्न क्षेत्रों की जो भी समस्याएं आ रही हैं, उनके समाधान के लिए विभिन्न विभागों द्वारा क्या आवश्यक कार्यवाही की जा रही है, इसकी भी नियमित समीक्षा की जाए। जनसमस्याओं के त्वरित समाधान के लिए प्रक्रियाओं के सरलीकरण पर विशेष ध्यान दिया जाए।

विभागीय सचिव विधानसभा क्षेत्रों की समस्याओं के निराकरण के लिए अपने विभागों की नियमित समीक्षा करें। जनपदों के प्रभावी सचिव भी नियमित रूप से जनपदों में विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा करें। उन्होंने कहा कि विधानसभाओं के विकास कार्यों की समीक्षाएं प्रत्येक तीन माह में की जायेंगी। अभी जो बैठक हो रही है, इनमें विधायकगणों द्वारा अपनी विधानसभा क्षेत्रों की जो समस्याएं रखी गई है, उनके समाधान के लिए किये गये प्रयासों की भी अगली बैठक में समीक्षा की जायेगी।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखण्ड में बागवानी, कृषि, पर्यटन के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। इन क्षेत्रों में लोगों की आजीविका बढ़ाने के लिए और तेजी से कार्य किये जाएं। स्थानीय स्तर पर लोगों को स्वरोजगार के अधिक से अधिक अवसर उपलब्ध होने से पलायन भी रूकेगा। एप्पल एवं कीवी मिशन के तहत भी तेजी से कार्य किये जाएं। किसानों को बागवानी और खेती के लिए उन्नत किस्म के बीज और पौध की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। राज्य की आर्थिकी को तेजी से बढ़ावा देने के लिए और प्रयासों की जरूरत है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिये की आगामी ग्रीष्म काल के दृष्टिगत पेयजल आपूर्ति की समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं।

बैठक में विधाकगणों द्वारा सड़कों के निर्माण, स्वास्थ्य सुविधाओं को और बेहतर बनाने, बाढ़ सुरक्षा के कार्य, पेयजल की समस्या, कूड़ा निस्तारण की समस्या, ड्रेनेज एवं सीवरेज की समस्या से अवगत कराया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि विधायकगणों द्वारा जो भी जन समस्याएं रखी गई हैं, उनका हर संभव समाधान किया जायेगा।

बैठक में कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी, सांसद टिहरी माला राज्यलक्ष्मी शाह, विधायक किशोर उपाध्याय, प्रीतम सिंह पंवार, शक्तिलाल शाह, मुन्ना सिंह चौहान, सहदेव सिंह पुण्डीर, उमेश शर्मा काऊ, खजान दास, सविता कपूर, दुर्गेश्वर लाल, सुरेश सिंह चौहान, अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, आनन्द बर्द्धन, प्रमुख सचिव आर. के. सुधांशु, सचिव आर.मीनाक्षी सुंदरम, बी.वी.आर.सी. पुरुषोत्तम, डॉ. रंजीत सिन्हा, एच.सी. सेमवाल, डॉ. आर. राजेश कुमार, एस.एन.पाण्डेय, महानिदेशक शिक्षा बंशीधर तिवारी, अपर सचिव जगदीश चन्द्र काण्डपाल, संबंधित विभागीय अधिकारी एवं वर्चुअल माध्यम से संबंधित जनपदों के जिलाधिकारी एवं जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## अनुसूचित जाति, जनजाति व अन्य पिछडा वर्ग के छात्रों को नहीं मिल रही छात्रवृति

विकासनगर। अनुसूचित जाति, जनजाति व पिछड़ा वर्ग के छात्र-छात्राओं को छात्रवृति न मिलने से हो रही समस्याओं को लेकर छात्रों के एक प्रतिनिधिमंडल ने पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष कमलेश भट्ट के नेतृत्व में समाज कल्याण मंत्री को ज्ञापन सौंपा। कहा कि समाज कल्याण विभाग व शिक्षा विभाग छात्र छात्राओं को एक-दूसरे का चक्कर कटवा रहे हैं, लेकिन उसके बावजूद छात्र-छात्राओं को छात्रवृति नहीं मिल पा रही है। पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष कमलेश भट्ट के नेतृत्व में विभिन्न कॉलेजों के छात्र-छात्राओं का एक प्रतिनिधिमंडल समाज कल्याण मंत्री उत्तराखंड सरकार से मुलाकात की। समाज कल्याण मंत्री को ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि अनुसूचित जाति, जनजाति व अन्य पिछड़ा वर्ग के छात्र छात्राओं को छात्रवृत्ति ना मिलने के कारण हो पढ़ाई में आ रहे संकट के बारे जानकाररी दी। बताया कि समाज कल्याण विभाग द्वारा छात्रों के छात्रवृत्ति फॉर्म रिजेक्ट कर दिए गए हैं। विभाग का कहना है कि कॉलेजों की संबद्धता श्रीदेव सुमन विश्व विद्यालय अथवा अन्य किसी विश्व विद्यालय से नहीं है। जबकि छात्र-छात्राओं ने प्रथम वर्ष पास भी कर लिया है। उनकी मार्कशीट भी आ गई है। बताया कि अब छात्रवृत्ति का पोर्टल भी बंद हो गया है। जिससे छात्र छात्राओं को छात्रवृति नहीं मिलने के कारण उनके सामने आगे पढाई का संकट खडा हो गया है। पूर्व छात्रसंस अध्यक्ष कमलेश भट्ट ने बताया कि समाज कल्याण मंत्री चंदन रामदास ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि छात्रवृत्ति का पोर्टल दोबारा खोलकर छात्रों की समस्या का निराकरण किया जाएगा। कहा कि छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। कहा कि समाज कल्याण मंत्री ने कहा कि इस संबंध में मुख्यमंत्री से भी वार्ता कर छात्रों की समस्याओं का हल किया जायेगा।। प्रतिनिधि मंडल में कोमल, अंजलि, आशा, नीरज, दीपक, रेखा, प्रेम चौधरी, कपिल नेगी, सतपाल चौहान, प्रीतम चौहान आदि शामिल रहे।

## लगातार वर्षा होने से जलस्रोत हो सकते है रिचार्ज

विकासनगर। पिछले महीनों में वर्षा ना होने से गर्मियों में जल श्रोतों के सूख जाने की आशंका पैदा हो गयी थी। जिससे पहाड़ी क्षेत्र जौनसार बावर के ग्रामीण इलाकों में पानी का संकट खड़ा हो सकता था। लेकिन हाल के दिनों में लगातार नौ दिन से हो रही बारिश से जलश्रोतों के फिर से रिचार्ज होने के आसार बढ़ गये हैं। जिससे लोगों को गर्मियों में जल संकट से छुटकारा मिल सकता है। इस वर्ष जनवरी फरवरी में बिल्कुल भी बारिश न होने व बर्फबारी कम होने के कारण पहाड़ी क्षेत्र जौनसार बावर में गर्मियों में जलश्रोतों के सूख जाने की आशंका पैदा हो गयी थी, लेकिन मार्च माह में लगातार नौ दिन से बारिश होने व ओलावृष्टि होने से जल श्रोतों के रिचार्ज होने के आसार बढ़ गये हैं। जिससे क्षेत्र में गर्मियों में पेयजल संकट से लोगों को निजात मिल सकती है। बारिश के चलते पहाड़ों में रवि की फसल को भी वर्षा से लाभ मिलेगा। पशुओं के लिए हरी घास व चारे की कमी नहीं हो सकेगी। दैनिक मजदूरी, दैनिक कृषि कार्य, घास पत्ती, ईंधन की लकड़ी, व्यापार, आवागमन आदि पर बुरा असर पड़ा है। तापमान गिरने से लोग घरों से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं जिससे कारोबार ठप हो गया है। इन दिनों पहाड़ी क्षेत्रों में नकदी मटर की फसल को तूड़ान व मंडी तक पहुंचाने में भी वर्षा बाधा उत्पन्न कर रही है। किसान लगातार बारिश के चलते खेतों से मटर नहीं तोड़ पा रहे हैं, जिससे फसल बर्बाद हो रही है।

## आबकारी की नई पॉलिसी से किस को लाभ पहुंचाना चाहती है भाजपा : आप

### चैत्र नवरात्रों के समय शराब के दाम कम करना अधर्म : रविंद्र सिंह आनंद

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

आज आम आदमी पार्टी के गढ़वाल मीडिया प्रभारी व प्रदेश प्रवक्ता ने एक बयान जारी कर भाजपा सरकार की नई आबकारी नीति पर सवाल खड़े किए उन्होंने कहा कि धामी सरकार नई पॉलिसी लाकर किसको लाभ पहुंचाना चाहती है ।

रविंद्र ने कहा कि गौरतलब है कि धामी सरकार की कैबिनेट ने आबकारी की नई पॉलिसी को मंजूरी दी है। इसके तहत सरकार ने वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए शराब से राजस्व प्राप्ति के लक्ष्य को 3600 करोड़ रुपए से बढ़ाकर 4000 करोड़ रुपए कर दिया है।

साथ ही एक्साइज ड्यूटी 20 रुपए तक कम करने का निर्णय लिया है। सरकार के इस फैसले से राज्य में शराब सस्ती होगी.वहीं राज्य सरकार ने शराब में गोवंश संरक्षण, खेलकूद एवं महिला कल्याण के लिए एक-एक रुपए



प्रति बोतल सेस के रूप में लेने का फैसला भी लिया है। इस तरह से एक बोतल पर कुल 3 रुपये सेस लिया जाएगा जिससे वे अपने करीबियों को लाभ पहुंचाना चाहती है। उन्होंने कहा इस प्रकार के निर्णय लाकर सरकार ने अपने आप को कटघरे में खड़ा कर लिया है एक ओर भाजपा की केंद्र सरकार दिल्ली में नई शराब नीति पर सवाल खड़ा करती है की कुछ लोगों को लाभ पहुंचाने के लिए आम आदमी पार्टी द्वारा नई नीति लाई गई जबकि उत्तराखंड राज्य कि सरकार ने भी नई पॉलिसी लाकर शराब को सस्ता करने का काम किया है क्या यह दोनों बातें विरोधाभासी नहीं है क्या यह भारतीय जनता पार्टी का डबल स्टैंडर्ड नहीं है उन्होंने कहा की यदि दिल्ली में नई पॉलिसी को मोहरा बनाकर मनीष सिसोदिया के खिलाफ कार्रवाई की गई तो धामी सरकार पर भी केंद्र को कार्रवाई करनी चाहिए उन्होंने कहा राज्य सरकार व केंद्र सरकार का रवैया सिर्फ और सिर्फ विपक्ष को घेरने का है ना की जनता के हित में काम करना है ।

उन्होंने कहा कि उत्तराखंड सरकार चैत्र नवरात्रों को नारी शक्ति उत्सव के रुपए में मना रही है तो दूसरी तरफ शराब को सस्ती कर लोगों को शराब का आदि बना भी रही है



**42वीं एनटीपीसी सीनियर आरचरी चैंपियनशिप-2023 में पदक प्राप्त खिलाड़ियों के साथ पुलिस महानिदेशक अशोक कुमार**

देहरादून। पुलिस महानिदेशक अशोक कुमार ने 42वीं एनटीपीसी सीनियर आरचरी चैंपियनशिप-2023 में पदक प्राप्त खिलाड़ियों से मिलकर उन्हें शुभकामनाएं देते हुये भविष्य में होने वाली प्रतियोगिताओं के लिए कड़ी मेहनत व लगन से अभ्यास करने व स्वर्ण पदक प्राप्त करने हेतु प्रेरित किया।अपर पुलिस महानिदेशक दूरसंचार अमित सिन्हा ने बताया कि 09 से 18 मार्च तक एकता नगर (केवडिया), गुजरात में आयोजित हुई 42वीं एनटीपीसी सीनियर आरचरी चैंपियनशिप-2023 में उत्तराखण्ड पुलिस के खिलाड़ियों ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए 50 मी0 कम्पाउण्ड प्रतियोगिता में मुख्य आरक्षी संतोष कुमार नें कांस्य पदक जीतकर उत्तराखण्ड पुलिस का मान बढ़ाया है।

# तीर्थ पुरोहितों का पंजीकरण, यात्री संख्या सीमित किए जाने पर विरोध

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून। उत्तराखंड चार धाम तीर्थ पुरोहित महापंचायत ने चार धाम यात्रा के लिए श्रद्धालुओं के पंजीकरण और यात्रियों की संख्या सीमित किए जाने का विरोध तेज कर दिया है। मुख्य सचिव एसएस संधु से मुलाकात कर जल्द स्थानीय लोगों को पंजीकरण से मुक्त रखने और ऑनलाइन के साथ ही ऑफलाइन पंजीकरण की व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने की मांग की। महापंचायत प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को सचिवालय में मुख्य सचिव से मुलाकात कर अपना पक्ष रखा। बताया कि सरकार ने इस बार चार धाम यात्रा के लिए ऑनलाइन पंजीकरण अनिवार्य किया है। स्थानीय लोगों के लिए भी पंजीकरण अनिवार्य कर दिया है। इस पंजीकरण की व्यवस्था को जल्द से जल्द समाप्त किया जाए। कहा कि स्थानीय लोगों के लिए पंजीकरण की व्यवस्था सही नहीं है। इस व्यवस्था को जल्द पूरी तरह समाप्त कर देना चाहिए। इससे यात्रा कारोबार को बड़ा नुकसान पहुंचेगा। स्थानीय लोगों को बड़ी परेशानी होगी। कहा कि चारों धामों में दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं की प्रतिदिन की संख्या भी निर्धारित कर दी गई है। इसे भी जल्द समाप्त किया जाना चाहिए। सरकार का फोकस व्यवस्थाओं को सुधारने पर होना चाहिए। न कि व्यवस्थाओं को पटरी से उतारने पर। ऑनलाइन पंजीकरण की अनिवार्यता को समाप्त कर इसे ऑफलाइन किया जाना चाहिए। प्रतिनिधिमंडल में अध्यक्ष संजीव सेमवाल, महासचिव बृजेश सती, मीडिया प्रभारी रजनीकांत सेमवाल, निखिलेश आदि मौजूद रहे।

## दिव्या नेगी ने उत्तराखंड का नाम किया रोशनः नेगी

देहरादून। विधायक प्रतापनगर विक्रम सिंह नेगी ने मंगलवार को जी 20 सम्मेलन के तहत आयोजित हुए राष्ट्रीय युवा सम्मेलन महोत्सव में उत्तराखंड राज्य का प्रतिनिधित्व करने के लिए दिव्या नेगी को विधायक आवास पर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि दिव्या ने पूरे प्रदेश का नाम रोशन किया है। प्रदेश में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। युवा हर क्षेत्र में अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। ऐसी प्रतिभाओं का उत्साहवर्धन होना चाहिए। उन्होंने कहा कि दिव्या नेगी ने पूरे जोश,आत्मविश्वास और अपनी पहाड़ी वेशभूषा में एक पृथ्वी एक परिवार एक भविष्य विषय पर व्याख्यान दिया। यह सभी के लिए गर्व की बात है। इस दौरान कांग्रेस के पूर्व प्रदेश सचिव महेश जोशी, ग्राम प्रधान श्रीधर प्रसाद कुकरेती, रोशन नोटियाल, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मान सिंह रौतेला, पूर्व ब्लाक अध्यक्ष मुरारी लाल खंडवाल, पुरुषोत्तम थलवाल, होशियार सिंह थलवाल, प्रदीप रावत आदि मौजूद थे।

# गो बचाओ जन जागरण रथ यात्रा ऋषिकेश से हुई शुरू

ऋषिकेश। श्रीराम गोधाम सेवा समिति की सात दिवसीय गो बचाओ जन जागरण रथ यात्रा मंगलवार को ऋषिकेश से शुरू हुई। यह यात्रा उत्तराखंड के विभिन्न क्षेत्रों से होकर गुजरेगी। इसमें क्षेत्रवासियों को गो संरक्षण के प्रति जागरूक किया जाएगा। मंगलवार को तपोवन आनन्द भवन आश्रम में कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में श्रीराम गोधाम सेवा समिति की सात दिवसीय गो बचाओ जन जागरण रथ यात्रा का शुभारंभ साधु संतों ने किया। श्रीराम गोधाम के संस्थापक जगदीश भट्ट और समिति के संरक्षक मोहन काला ने कहा कि 21 मार्च से 27 मार्च तक गढ़वाल मंडल क्षेत्र में गो माता की सेवा, संरक्षण एवं संवर्धन की अभिलाषा में गो बचाओ जन जागरण निकाली जा रही है। ऋषिकेश से यह यात्रा शुरू हुई है।

अब यह यात्रा मंगलवार को ही देहरादून, मसूरी होते हुए रात को लाखा मंडल रात्रि विश्राम के लिए पहुंचेगी। 22 मार्च को लाखा मंडल से होकर दैनिक भ्रमण तथा रात्रि विश्राम उत्तरकाशी जनपद क्षेत्र में होगा। 23 मार्च को उत्तरकाशी से लंबगांव, बूढाकेदार मंदिर, रात्रि विश्राम प्रथम केदार बेलेश्वर धाम क्षेत्र में होगा। 24 मार्च को प्रथम केदार बेलेश्वर धाम से घनसाली, रुद्रप्रयाग और रात्रि विश्राम जोशीमठ में होगा। 25 मार्च को जोशीमठ से चमोली जनपद क्षेत्र, रुद्रप्रयाग जनपद रात्रि और विश्राम कमलेश्वर महादेव मंदिर श्रीनगर में होगा। 26 मार्च को श्रीनगर से देवप्रयाग, कोटद्वार और रात्रि विश्राम हरिद्वार में होगा। 27 मार्च को हरिद्वार से ऋषिकेश के श्री भरत मंदिर झंडा चौक में पहुंचकर यात्रा संपन्न होगी। मौके पर स्वामी रमेश आनंद महाराज, महंत रवि प्रपन्नाचार्य, महामंडलेश्वर स्वामी दयाराम दास महाराज, महामंडलेश्वर स्वामी ईश्वर दास महाराज आदि रहे।

# पुरानी पेंशन योजना को जल्द बहाल करे सरकार

देहरादून। नई पेंशन योजना को समाप्त कर पुरानी पेंशन योजना की बहाली की मांग जोर पकड़ती जा रही है। मंगलवार को कर्मचारियों ने डीएम के माध्यम से प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजा। नॉर्दन रेलवे मेंस यूनियन के बैनर तले केंद्रीय, राज्य कर्मचारी संघ और महासंघ के कर्मचारी कलेक्ट्रेट पहुंचे। यहां कर्मचारियों ने डीएम के माध्यम से पीएम को ज्ञापन भेजा। इस मौके पर हुई सभा में वक्ताओं ने कहा कि नई पेंशन योजना कर्मचारियों के हित में नहीं है, इसका कर्मचारी लंबे समय से विरोध कर रहे हैं। सभी कर्मचारियों को सीसीएम के तहत पुरानी पेंशन योजना के दायरे में लाने के लिए नियमावली 1972 को लागू करें और पूरे देश में पुरानी पेंशन योजना को लागू किया जाए। कर्मचारियों ने कहा कि पेंशन एक सामाजिक सुरक्षा कवच है और राज्यों द्वारा अपने ही कर्मचारियों के सामाजिक सुरक्षा कवच को बाजारवादी स्कीम के दायरे में लाना उचित नहीं हैं। पेंशन भारतीय संविधान की धारा-21 के तहत मौलिक अधिकार और धारा-300ए के तहत संवैधानिक अधिकार आच्छादित है। इस मौके पर नार्दन रेलवे मेंस यूनियन के शाखा सचिव उग्रसेन सिंह, अध्यक्ष रमेश कुमार, जगदीश चंद्र, अशोक शर्मा, अनिल उनियाल, नीरज कुमार, नंदन बिष्ट, संजीव मनवाल, सुरेश यादव, नरेश पंत, दीपेंद्र सिंह नेगी, सीताराम पोखरियाल, मुकेश बहुगुणा आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### बालश्रम कराने पर कांवली क्षेत्र के दो दुकान मालिकों पर मुकदमा

देहरादून। बालश्रम कराने पर कांवली क्षेत्र के दो दुकान संचालकों के खिलाफ वसंत विहार थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। जिला टास्क फोर्स ने सोमवार को दोनों दुकानों से कुल तीन किशोर रेस्क्यू किए थे। इसके बाद मुकदमा दर्ज कराया गया है। इंस्पेक्टर वसंत विहार होशियार सिंह पंखोली ने बताया कि जिला श्रम प्रवर्तन अधिकारी अश्विनी कुमार ने लिखित तहरीर दी। तहरीर पर कांवली रोड स्थित शिवालिक चिकन एवं मटन शॉप के मालिक सिकंदर और साउद सर्विस सेंटर के अज्ञात संचालक के खिलाफ बाल श्रम अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि सोमवार को जिला टास्क फोर्स टीम ने शिवालिक चिकन एंड मटन शॉप से दो और साउद सर्विस सेंटर से एक किशोर को मुक्त कराया गया था।

### देहरादून में जुटेंगे अंतरराष्ट्रीय बेसबॉल खिलाड़ी

देहरादून। उत्तराखंड बेसबॉल संघ की ओर से 23 से 26 मार्च तक देहरादून में होने वाली विनय विंडलास मेमोरियल अखिल भारतीय बेसबॉल प्रतियोगिता में कई अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी पहुंचेंगे। प्रतियोगिता में देश की आठ सर्वश्रेष्ठ टीमें हिस्सा लेंगी। देहरादून में राजपुर रोड स्थित एक होटल में मंगलवार को आयोजित प्रेसवार्ता में संघ के संरक्षण यूएन चुल्लू ने बताया कि प्रतियोगिता में विजेता टीम को एक लाख पचास हजार और उपविजेता टीम को एक लाख की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। इसके अतिरिक्त बेस्ट पिचर, बेस्ट स्कोरर, बेस्ट हिटर और बेस्ट आल राउंडर के खिताब से भी खिलाडियों को नवाजा जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में ग्रैंड स्लैड्ड क्लब दिल्ली, हरियाणा बेसबॉल क्लब, नाइन फेमस क्लब चंडीगढ़, राजे राणा मराठा महाराष्ट्र, रोहीनो क्लब असम, बेसबॉल स्टफ क्लब एनसीआर, दून स्ट्राइकर उत्तराखंड, मिशन क्लब चंडीगढ़ भाग लेंगे। प्रतियोगिता के मुकाबले परेड ग्राउंड में होंगे। मौके पर संघ के सचिव सतीश आनंद, अध्यक्ष विमल हरनाल, बृजेंद्र राणा, गुरचरण सिंह, राहुल विंडलास, अशोक कुमार गुप्ता, संजीव डोभाल, पीजेएस ओबराय, बीबी मल्होत्रा आदि मौजूद थे।

### किसानों को हुए नुकसान का मुआवजा दे सरकार - आर्य

देहरादून। नेता विपक्ष यशपाल आर्य ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर बेमौसम बारिश से किसानों को हुए नुकसान का मुआवजा देने की मांग की है। आर्य ने सरकार से किसानों की फसल का बीमा खर्च भी वहन करने को कहा है। सीएम पुष्कर धामी को लिखे पत्र में यशपाल आर्य ने कहा कि प्रदेश में भारी बारिश और तूफानी हवाओं के कारण पहाड़ से लेकर तराई - भाबर तक किसानों और बागवानों को व्यापक नुकसान हुआ है। खड़ी फसलों पर भारी बारिश और ओलावृष्टि कहर बनकर टूटी है। आर्य ने कहा है कि एक कृषक पूरे साल चिंता और असुरक्षा के भाव में जीता हैंज, कभी सूखा तो कभी बारिश किसान के सपने तोड़ देती है। इधर, डीजल, पेट्रोल, कीटनाशक, खाद, बीज सब महंगा होने से भी लागत खेती की लागत बढ़ गई है। लेकिन सरकार से पर्याप्त मदद नहीं मिल पा रही है। किसानों के विगत वर्षों की बीमा राशि का ही भुगतान अभी तक नही हुआ है। जबकि फसल बीमा योजना के नाम पर कंपनियां हजारों करोड़ का मुनाफा कमा रही हैं। इसलिए राज्य सरकार पीड़ित किसानों को राहत प्रदान करते हुए तत्काल मुआवजा देने के साथ ही बीमा का खर्च खुद वहन करे।

### प्रदेश सरकार के एक साल के कार्यकाल निराशाजनकः कांग्रेस

देहरादून। प्रदेश सरकार के एक साल के कार्यकाल को मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस ने निराशाजनक करार दिया है। कांग्रेस ने इस मौके पर गुरुवार को सभी जिला मुख्यालयों पर श्वेतपत्र जारी करने का निर्णय लिया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा ने कहा कि सरकार 23 मार्च को एक साल का कार्यकाल पूरा कर रही है, लेकिन पहले एक साल सरकार में किसी भी मोर्चे पर सफल नजर नहीं आई। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने अपने इस एक वर्ष के कार्यकाल में केवल जनता को गुमराह करने, मंहगाई, भ्रष्टाचार और बरोजगारी को बढ़ावा देने का काम किया। अंकिता भंडारी, जगदीश हत्याकांड, केदार हत्याकांड जैसी घटनाओं ने कानून व्यवस्था की पोल खोल दी है। इसी तरह भर्ती घोटालों ने युवाओं का भविष्य चौपट कर दिया है, न्याय मांगने पर सरकार युवाओं को पर लाठीचार्ज कर रही है। भर्ती घोटालों में भाजपा नेताओं की मिलीभगत सामने आ रही है। उन्होंने कहा जोशीमठ त्रासदी के प्रभावित परिवार सरकार से विस्थापन की आस लगाये हुए हैं परन्तु दो महीने का समय बीत जाने के बाद भी सरकार आपदा पीडितों के विस्थापन तथा पुर्ननिर्माण के लिए ठोस निर्णय लेने में विफल साबित हुई है। इसलिए कांग्रेस पार्टी 23 मार्च को भाजपा सरकार की एक साल की विफलताओं को जनता के सामने रखेगी।

### सरकारी जमीनें कब्जामुक्त करवाने को उठाएं ठोस कदमः राजकुमार

देहरादून। राजपुर रोड विधानसभा के पूर्व विधायक राजकुमार ने शहरी विकास सचिव को ज्ञापन भेजकर जनता की समस्याओं को हल करने के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की है। उन्होंने बताया कि शहर में कई जगह सरकारी जमीनों पर अतिक्रमण किया जा रहा है। जिन्हें कब्जामुक्त करने के लिए ठोस कदम उठाए जाने चाहिए। पूर्व विधायक ने कहा कि नगर निगम के रिकॉर्ड में दर्ज कई सरकारी खाली जमीनों पर कब्जा हो चुका है। नदी नालों की जमीनों पर अतिक्रमण किया जा रहा है। जिस पर तत्काल रोक लगाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि शहर में प्रस्तावित विकास कार्यों पर काम नहीं हो पा रहा। सफाई वाहन नियमित रूप से कूड़ा उठाने के लिए नहीं पहुंच रहे। जगह-जगह कूड़े के ढेर लग रहे हैं। रिस्पना बिंदाल नदियों की सफाई का काम धीमी रफ्तार से चल रहा है। उन्होंने नगर आयुक्त मनुज गोयल से सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के ठोस कदम उठाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि जल्द व्यवस्था नहीं सुधरी तो कांग्रेस पार्टी आंदोलन शुरू करेगी।

### इंजीनियरिंग के छात्र सीखेंगे एनवायरनमेंट फ्रेंडली कंस्ट्रक्शन

देहरादून। ग्राफिक एरा डीम्ड यूनिवर्सिटी के भावी सिविल इंजीनियर अब सीमेंट रहित कंस्ट्रक्शन, वाइट कोट रोड्स, नेचुरल मटेरियल कस्ट्रक्शन जैसे कई इको फ्रेंडली निर्माण तकनीकी सीखेंगे। विश्वविद्यालय के सिविल इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट ने इसके लिए अल्ट्राटेक सीमेंट के साथ करार किया है। करार के तहत विवि परिसर में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस बनाया गया है। जिसमें अल्ट्राटेक सीमेंट के विशेषज्ञ छात्र छात्राओं को मार्किट रेडी बनाने के उद्देश्य से तैयार करेंगे। एमओयू के तहत अल्ट्रा टेक के विशेषज्ञ सिविल इंजीनियरिंग के छात्र छात्राओं को निर्माण से जुड़ी विश्व से जुड़ी नयी तकनीके सिखाएंगे और उनके द्वारा विकसित नयी तकनीकों को पेटेण्ट करने में भी मदद करेंगे। इस मौके पर विवि के डायरेक्टर जनरल प्रो. डॉ. संजय जसोला ने कहा की छात्र छात्राओं को इसका पूरा लाभ उठाना चाहिए। आने वाला समय एनवायरनमेंट फ्रेंडली कंस्ट्रक्शन का है और सिविल इंजीनियरिंग के पत्रों को ऐसी तकनीक और एनवायरनमेंट फ्रेंडली तकनीक का सही तरीके से इस्तेमाल करना चाहिए। कार्यक्रम में अल्ट्रा टेक सीमेंट के रीजनल हेड (टेक्निकल) शीराज जैदी, आशीष कपिल, राहुल गोयल मौजूद रहे।

# आर्ट गैलरी की दुर्व्यवस्था पर नाराज़ हुए महाराज, दिए ये निर्देश

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून , 22 मार्च , प्रदेश के संस्कृति मंत्री सतपाल महाराज ने संस्कृति विभाग द्वारा घंटाघर के समीप स्थित हेमवंती नंदन बहुगुणा कॉम्पलेक्स में पहुंचकर उत्तरा समकालीन आर्ट गैलरी का औचक निरिक्षण किया। प्रदेश के संस्कृति, धर्मस्व, पर्यटन, सिंचाई, लोक निर्माण, पंचायतीराज एवं ग्रामीण निर्माण मंत्री सतपाल महाराज ने संस्कृति विभाग द्वारा घंटाघर के समीप स्थित हेमवंती नंदन बहुगुणा कॉम्पलेक्स में उत्तरा समकालीन आर्ट गैलरी का औचक निरिक्षण







कर वहां पर्याप्त स्टाफ न होने साथ-साथ वॉल पेंटिंग और कलाकारों द्वारा बनाए गए चित्रों की सफाई ना होने पर आक्रोश जाहिर किया।संस्कृति मंत्री महाराज ने औचक निरीक्षण के दौरान महानिदेशक संस्कृति रणवीर सिंह चौहान को निर्देशित करते हुए कहा कि उत्तराखंड के कलाकार और समकालीन चित्रकला को विशेष पहचान दिलाने के लिए इस आर्ट गैलरी का निर्माण किया गया है इसलिए यहां पर स्टाफ की पर्याप्त व्यवस्था करने के साथ-साथ कलाकारों द्वारा बनाई गई वॉल पेंटिंग और चित्रों की नियमित साफ-सफाई होनी चाहिए। उन्होंने आर्ट गैलरी में रखें केदारनाथ हेली सेवा के मॉडल और ढोल के माडलों आदि पर नमी के चलते जंक लगने को गंभीरता से लेते हुए इसके रखरखाव की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।उन्होने कहा कि सुप्रसिद्ध चित्रकार स्व. सुरेंद्र पाल जोशी की परिकल्पना पर आधारित इस आर्ट गैलरी का उद्देश्य उत्तराखंड के चित्रकारों को उनकी प्रतिभा का प्रदर्शन करने के लिए मंच देना है। इसलिए इसका संरक्षण बेहद जरूरी है। उन्होंने निर्देश दिए कि पहाड़ की गाथा फिल्म और पहाड़ी शैली में बने घर के मॉडलों आदि की नियमित देखरेख होनी चाहिए। उन्होंने संस्कृति महानिदेशक को निर्देश दिए कि इस आर्ट गैलरी के रखरखाव के लिए अलग से बजट का निर्धारण कर अनुभवी आर्टिस्टों को शामिल करते हुए शीघ्र ही एक कमेटी का भी गठन किया जाए और आर्ट गैलरी के प्रचार प्रसार के लिए एक वेबसाइट भी बनाई जाए ताकि लोग इसे देखने के लिए यहां आ सकें।

## संपादकीय

### आइटी क्षेत्र पर दबाव


अनेक संकटों का सामना कर रही वैश्विक अर्थव्यवस्था के सामने कुछ अमेरिकी और यूरोपीय बैंकों के डूबने या मुश्किल में आने के रूप में नयी चिंता पैदा हो गयी है. सिलिकन वैली बैंक, क्रेडिट सुइस, सिलवरगेट और फर्स्ट रिपब्लिकन बैंक डूब चुके हैं तथा यूरोपीय स्टॉक बाजार में बैंकों के शेयरों के दाम में गिरावट जारी है. एक ओर जहां अंतरराष्ट्रीय वित्त बाजार में अनिश्चितता है, वहीं हमारे देश में आइटी क्षेत्र के प्रभावित होने की आशंकाएं बढ़ गयी हैं. भारत की शीर्ष आइटी कंपनियों का 40 प्रतिशत तक राजस्व बैंकिंग, वित्त सेवाओं और बीमा क्षेत्र से आता है. भारतीय आइटी कंपनियों का अमेरिका की तकनीकी कंपनियों से भी जुड़ाव है. उल्लेखनीय है कि तबाह हुए अमेरिकी बैंकों का सबसे अधिक लेन-देन तकनीकी कंपनियों और स्टार्टअप उद्यमों के साथ रहा था. दुनिया की बड़ी तकनीकी कंपनियों में छंटनी का दौर भी लंबे समय से चल रहा है. संतोषजनक है कि भारत में बड़े पैमाने पर लोगों को काम से नहीं हटाया गया है, लेकिन अगर बाहर से होने वाली कमाई घटती है, तो वह स्थिति भी आ सकती है. निवेश में कमी आने के बावजूद कोरोना काल से लेकर अब तक हमारी तकनीकी कंपनियों ने बेहतर प्रदर्शन किया है. इसी आधार पर केंद्रीय आइटी राज्यमंत्री राजीव चंद्रशेखर ने उम्मीद जतायी है कि हमारी कंपनियां मौजूदा बैंकिंग संकट के असर का भी सामना कर लेंगी. यदि एक क्षेत्र में नुकसान भी होता है, तो दूसरे क्षेत्र के अच्छे प्रदर्शन से उसकी भरपाई भी की जा सकती है. यह भी संतोष की बात है कि विशेषज्ञ इस बात से सहमत हैं कि भारतीय पूंजी बाजार और बैंकों पर अमेरिकी और यूरोपीय स्थिति का प्रभाव न के बराबर पड़ेगा. यदि यह स्थिति बरकरार रहती है, तो आइटी सेक्टर में नये सौदों पर असर पड़ेगा तथा मौजूदा ठेकों की अवधि नहीं बढ़ेगी. हालांकि इन बैंकों के डूबने का मुख्य कारण उनके प्रबंधन की खामियां है, लेकिन रूस-यूक्रेन युद्ध तथा भू-राजनीतिक तनावों ने भी अन्य क्षेत्रों के साथ-साथ बैंकों और आइटी सेक्टर पर दबाव बढ़ा दिया है. जानकारों का मानना है कि अर्थव्यवस्थाओं को संभालने की जो कोशिशें विभिन्न देशों के केंद्रीय बैंक कर रहे हैं, उससे स्थिति के जल्दी ही नियंत्रण में आने की आशा है. मौजूदा संकट 2008 के वित्तीय संकट जितना गंभीर भी नहीं है. भारतीय आइटी कंपनियों ने हाल के वर्षों में अफ्रीका, एशिया और लातिनी अमेरिका में नये बाजार भी खोजे हैं. आने वाले समय में इन क्षेत्रों के साथ कारोबार बढ़ने की संभावना है. घरेलू मांग में भी सुधार की उम्मीद है.

**दैनिक न्यूज़ वायरस**

**संपादक : मौ.सलीम सैफी, कार्यकारी संपादक :** आशीष कुमार तिवारी न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मौ.सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से प्रकाशित एवं न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून से मुद्रित। **फ़ोन :** 0135-4066790, 2672002 **RNI No. :** UT-THIN/2012/44094 **Cert. Ser. No. :** 31406 **E-mail :** dainiknewsvirus@gmail.com **Website :** www.newsvirusnetwork.com **YouTube :** TV News Virus

न्याय क्षेत्राधिकार : जनपद देहरादून (उत्तराखंड), भारत

# डीएम विनय शंकर पाण्डेय की अध्यक्षता में हुई 'नवरात्रि नारी शक्ति उत्सव' के रूप में मनाये जाने के सम्बन्ध में बैठक



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

हरिद्वार। जिलाधिकारी विनय शंकर पाण्डेय की अध्यक्षता में मंगलवार को कैम्प कार्यालय में दिनांक 22 से 30 मार्च, 2023 तक चैत्र नवरात्रि/रामनवमी के अवसर पर जगतकल्याणी के स्वरूप को ''नवरात्रि नारी शक्ति उत्सव'' के रूप में मनाये जाने एवं धार्मिक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जाने के सम्बन्ध में एक बैठक आयोजित हुई।

बैठक में जिलाधिकारी विनय शंकर पाण्डेय ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि चैत्र नवरात्रि/रामनवमी के अवसर पर जगतकल्याणी के स्वरूप को ''नवरात्रि नारी शक्ति उत्सव'' के रूप में मनाये जाने के सम्बन्ध में प्रमुख देवी मन्दिरों एवं शक्तिपीठों-मनसा देवी, चण्डीदेवी, मायादेवी, सुरेश्वरी देवी, शीतला माता, बूढ़ी माता, हरकी पैड़ी पर कन्या पूजन आदि में मातृ शक्ति के सामर्थ्य व शक्ति का प्रतीक मां दुर्गा के नौ स्वरूपों के हिसाब से धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का, महिलाओं एवं बालिकाओं की, विशेष सहभागिता सुनिश्चित करते हुये, आयोजन किया जाये तथा ''नवरात्रि नारी शक्ति उत्सव'' के आयोजन हेतु विकासखण्ड स्तर पर भी एक समिति का गठन किया जाये तथा उसकी दिन-प्रतिदिन की रिपोर्ट भी देना सुनिश्चित करें।


जिलाधिकारी ने बैठक में जेल विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि हरिद्वार जेल में भी ''नवरात्रि नारी शक्ति उत्सव'' धूमधाम से मनाया जाये। उन्होंने पुलिस विभाग के अधिकारियों को भी निर्देश देते हुये कहा कि पुलिस लाइन में भी झांकी आदि कार्यक्रमों का आयोजन किया जाये तथा प्रमुख देवी मन्दिरों एवं शक्तिपीठों के आसपास काफी श्रद्धालुओं के आने की संभावना के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबन्द रखी जाये। विनय शंकर पाण्डेय ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि ''नवरात्रि नारी शक्ति उत्सव'' आयोजन स्थलों के आसपास साफ-सफाई, पेयजल, ध्वनि-प्रकाश आदि की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाये।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी प्रतीक जैन, एसडीएम श्री पूरण सिंह राणा, परियोजना निदेशक ग्राम्य विकास अभिकरण विक्रम सिंह, मुख्य कोषाधिकारी नीतू भण्डारी, एस0पी0 देहात एस0के0 सिंह, बाल विकास अधिकारी सुलेखा सहगल, जेलर हरिद्वार सहित सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित थे।

# रमज़ान के पवित्र महीने की तैयारियां ज़ोरों पर, कल दिख सकता है चाँद

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

सबसे महत्वपूर्ण इस्लामी त्योहार है जिसका इंतजार लोगों के बीच बेसब्री से होता है. मुस्लिमों के लिए यह एक पवित्र महीना होता हैं जिसमें वो सभी 1 महीने तक रोजा रखते हैं और इबादत करते हैं. ऐसा कहा जाता है कि इस 1 महीने की गई इबादत का फल कई गुना ज्यादा मिलता है. इस साल रमजान 22 मार्च से शुरू हो रहा है और इसकी तैयारियां भी जोरों - शोरों से हो रही हैं. रमजान एक महीने तक चलने वाला त्योहार है जिसे इस्लामिक कैलेंडर के नौवें महीने के रूप में जाना जाता है. रमजान के महीने की शुरुआत चांद देखने से होती है. रमजान के दौरान मुस्लिम समुदाय के लोग रोजा रखते हैं और अल्लाह की इबादत करते हैं. रमजान के महीने में हर दिन सुबह से शाम तक रोजा रखते हैं और ईद के जश्न के साथ इस पवित्र महीने की समाप्ति होती है. बता दें कि रमजान कभी 29 दिन का होता है तो कभी 30 दिन का, चांद देखने के बाद ही रोजे का आखिरी दिन निश्चित किया जाता है.



बता दें कि ऐसा माना जा रहा है कि इस साल रमज़ान महीने की शुरुआत मक्का के ऊपर चांद दिखने के बाद 22 मार्च बुधवार से शुरू होने की उम्मीद है. वहीं अगर इसकी समाप्ति की बात करें तो इसकी अभी कोई तारीख निश्चित नही है. चांद दिखने के बाद ही इस पवित्र महीने का समापन होगा. चांद दिखने के बाद ही अगले दिन ईद-अल-फितर का त्योहार मनाया जाता है जिसकी तैयारियां लोग काफी समय से करने लगते हैं.

रमजान का महीना इस्लामिक धर्म में एक विशेष महत्व रखता है क्योंकि यह वह समय माना जाता है जब कुरान पहली बार पैगंबर मुहम्मद के सामने आया था. रोजे के दौरान सूर्योदय से सूर्यास्त तक कुछ भी खाने और पानी पीने की मनाही होती है. शाम की नमाज़ के बाद ही वो इफ्तार के साथ रोजा खोलते हैं.

# आर्य समाज स्थापना दिवस व विक्रम नवसंवत्सर का आयोजन

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

हरिद्वार। गुरुकुल कांगड़ी समविश्वविद्यालय के संस्कृत विभाग के सभागार में आर्य समाज स्थापना दिवस व विक्रम नवसंवत्सर 2080 के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए समविश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 सोमदेव शतांशु ने कहा कि आर्य समाज के संस्थापक स्वामी दयानन्द सरस्वती ने समाज की कुरीतियों को दूर करने व समाज में बेहतर सामंजस्य स्थापित करने व नारी शिक्षा के क्षेत्र में नारियों को सुअवसर दिलाने के लिए आर्य समाज की स्थापना की थी।

आर्य समाज की स्थापना के पीछे उनका मूल उद्देश्य लोगों को वेदों में समाहित ज्ञान से परिचय कराना था, जिससे कि समाज की कुरीतियों को दूर कर सभी को समान अवसर उपलब्ध हो सके। स्वामी दयानन्द का मूल ध्येय वेदों की ओर लौटो था। उनका मानना था वेदों के अन्दर समाहित ज्ञान का अध्ययन कर सभी स्त्री व पुरूषों को समाज में उन्नति के उचित अवसर उपलब्ध हो सकते है। उनके बताए मार्ग व सिद्धान्तों को उनके अनुयायी स्वामी श्रद्धानन्द ने आगे बढ़ाने का काम किया जिसके चलते उन्होंने गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय की स्थापना की। गुरुकुल कांगड़ी समविश्वविद्यालय आज भी स्वामी दयानन्द सरस्वती व स्वामी श्रद्धानन्द महाराज के बताए मार्ग पर चल रहा है।




इस अवसर पर प्रो0 संगीता विद्यालंकार, प्रो0 सुचित्रा मलिक, प्रो0 श्रवण कुमार शर्मा, प्रो0 अम्बुज कुमार शर्मा, प्रो0 मनुदेव बन्धु, प्रो0 रामप्रकाश वर्णी प्रो ब्रह्मदेव, प्रो0 कर्मजीत भाटिया, प्रो0 सुनील पंवार, डा0 बबलू आर्य, प्रकाश तिवारी ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर प्रो0 एल0पी0 पुरोहित, प्रो0 सत्येन्द्र राजपूत, प्रो0 विवेक गुप्ता, प्रो0 देवेन्द्र कुमार गुप्ता, डा0 दीनदयाल, डा0 भारत वेदालंकार, प्रो0 नमिता जोशी, डा0 बिन्दु मलिक, प्रो0 नवनीत, डा0 अजेन्द्र, प्रो0 सुरेखा राणा, डा0 पूनम पैन्यूली, प्रो0 अंजली गोयल, रमेश चन्द, डा0 अजय मलिक, प्रमोद कुमार, कुलदीप, डा0 विपिन शर्मा, डा0 पवन कुमार, डा0 हिमांशु गुप्ता, डा0 हरेन्द्र सिंह, मनीष अग्रवाल, डा0 मनोज, संजय पारे, समीर, कुलभूषण शर्मा, अश्वनी, डा0 विनोद नौटियाल, हेमन्त सिंह नेगी, डा0 रोशन लाल, दीपक वर्मा, बिजेन्द्र सिंह सहित विभिन्न शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डा0 मौहर सिंह मीणा ने किया।

## व्यावसायिक स्थानों से नगर पंचायत वसूलेगा टैक्स

रुडक़ी। लंढौरा नगर पंचायत बोर्ड की बैठक में ईंट भ_ों, पेट्रोल पंप, शराब के ठेके, प्राइवेट अस्पतालों पर टैक्स लगाने का प्रस्ताव पास किया गया। मंगलवार को लंढौरा नगर पंचायत बोर्ड की बैठक हुई। इस दौरान अमृत सरोवर योजना के अंतर्गत नगर की सीमा के अंदर सभी तालाबों का सौन्दर्यकरण करने का प्रस्ताव पास किया गया। सभासद अफसाना की मांग पर जमीनों के सर्किल रेट कम कराने के लिए शासन को पत्र भेजने का प्रस्ताव भी पास किया गया। बोर्ड ने सर्वसम्मति से ईंट भ_ों, पेट्रोल पंपों, होटल, शराब के ठेके, प्राइवेट अस्पतालों, पैथोलॉजी लैब, क्लीनिक, लकड़ी की टाल, प्राइवेट स्कूलों समेत कई तरह के व्यापार पर सालाना टैक्स वसूलने का प्रस्ताव पास किया। ईओ सुरेंद्र सिंह ने बताया कि दो सौ रुपये से दस हजार रुपये तक सालाना टैक्स वसूला जाएगा। इसके अलावा ईंट भ_ा, स्कूल की भूमि वापस लेने, खसरा नंबर 428 पर ठेली, रेहड़ी लगाने के लिए वेंडिंग जोन बनाने का प्रस्ताव पारित किया गया। गडरियान शमशान घाट के पास जल संस्थान को ओवरहैड टैंक, नलकूप आवासीय कॉलोनी के लिए भूमि आवंटन करने का प्रस्ताव भी पास किया। बैठक वर्ष 2023-24 का अनुमानित बजट भी पास किया गया। इस दौरान चेयरमैन शहजाद खान, ईओ सुरेंद्र सिंह, वरिष्ठ बाबू बलविंद्र सिंह और सभी सभासद मौजूद रहे।

## भाकियू के साथ तहसील में धरने पर बैठे किसान

रुडक़ी। किसानों की समस्या को लेकर भाकियू पटेल व रोड गुट के कार्यकर्ताओं ने एकसाथ प्रदर्शन किया और फिर तहसील परिसर में ही धरने पर बैठ गए। एसडीएम ने उनके संयुक्त प्रतिनिधिमंडल से बात की। वार्ता में ज्यादातर मांगों पर दोनो पक्षों के बीच सहमति बनने के बाद किसानो ने धरना समाप्त कर दिया। भारतीय किसान यूनियन ने किसानो की समस्याओं को लेकर 21 मार्च में तहसील मुख्यालय पर आंदोलन का नोटिस दिया था। मंगलवार को भाकियू (पटेल) के राष्ट्रीय अध्यक्ष कीरत सिंह व भाकियू (रोड) के राष्ट्रीय अध्यक्ष पदम सिंह के साथ किसान चीनी मिल गेट पर इक_ा हुए और वहां से पैदल जुलूस निकालकर तहसील मुख्यालय पहुंचे। जहां उन्होंने नारे लगाकर शासन प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जताई। आरोप लगाया कि किसान का शोषण हो रहा है। उनकी चिंता न सरकार को है न प्रशासन को। इसके बाद एसडीएम गोपालराम बिनवाल ने उनके प्रतिनिधिमंडल से अपने कार्यालय में वार्ता की। प्रतिनिधिमंडल ने राजस्व, पुलिस, स्वास्थ्य, सिंचाई, आपूर्ति, उर्जा निगम, पशुपालन, उद्यान, चकबंदी, गन्ना, शिक्षा, नलकूप, जल निगम, सहकारिता, कृषि तथा कई दूसरे विभागों से संबंधित किसानो की 12 मांग एसडीएम के सामने रखी। एसडीएम ने इनमें से कुछ पर तत्काल कार्रवाई शुरू करने और बाकी शासन को भेजने का आश्वासन दिया।

## संक्षिप्त खबरें

### बारिश से मार्च में बढ़ी ठिठुरन, निकले गर्म कपड़े

ऋषिकेश। तीर्थनगरी में बारिश ने मौसम का मिजाज बदल दिया है। पारा लुढक़ने से मौसम ठंडा हो गया है। मार्च में एक सप्ताह पहले दोपहर के समय गर्मी का अहसास होने पर ज्यादातर लोग गर्म कपड़ों को अलविदा कर चुके थे। लेकिन पिछले तीन दिन से रुक-रुक कर हो रही बारिश ने एक बार फिर से ठिठुरन बढ़ा दी है। मार्च में मंगलवार सबसे ठंडा रहा। मंगलवार को न्यूनतम तापमान 14 और अधिकतम 17 डिग्री सेल्सियस रहा। एक दिन में 4 डिग्री तापमान कम दर्ज किया गया है। तीर्थनगरी के बुजुर्गों के मुताबिक वर्ष 1995 और 2010 में मार्च के महीने में इतना ही तापमान गिरा था, जितना अब 2023 में गिरा है। वरिष्ठ नागरिक मदन मोहन शर्मा, वीरेंद्र शर्मा ने बताया कि 2010 में मार्च में न्यूनतम तापमान 14 डिग्री के आसपास रहा था। हालांकि 1995 में न्यूनतम तापमान 13 डिग्री तक रहा। बारिश के चलते मौसम ठंडा होने से मंगलवार को घरों से बाहर निकले लोग जैकेट, स्वेटर, मफलर आदि गर्म कपड़ों से पैक होकर निकले। मौसम विभाग के मुताबिक 24 मार्च तक मौसम ऐसा ही रहने का अनुमान है।

### अंतर्राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता के पदक विजेता तजेंद्र का सम्मान

ऋषिकेश। शहरी विकास मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने मलेशिया में हुई अंतर्राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में कांस्य पद जीतने वाले 13 वर्षीय तजेंद्र सिंह को सम्मानित किया। उन्होंने तजेंद्र को मिठाई खिलाकर बधाई दी। मंगलवार को मंत्री भल्ला फार्म पहुंचे। वहां उन्होंने तजेंद्र सिंह को सम्मानित किया। कहा कि 13 वर्षीय तजेंद्र सिंह ने मलेशिया में 12वीं साइलेंट नाइट कराटे कप प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीतकर तीर्थनगरी ऋषिकेश सहित प्रदेश का नाम रोशन किया है। कहा कि 17 देशों के कराटे खिलाडियों की प्रतियोगिता में पदक हासिल करना आसान बात नहीं है। इस कामयाबी के लिए तजेंद्र सिंह के परिजनों को भी बधाई दी। कहा कि तीर्थ नगरी में प्रतिभाओं की कमी नहीं है, अभिभावक और अध्यापक बच्चों की प्रतिभा को निखारने का काम करते हैं। मौके पर तजेंद्र सिंह के पिता अमरदीप सिंह, माता राजवीर कौर, क्षेत्र पंचायत सदस्य प्रभाकर पैन्यूली, वरिष्ठ भाजपा नेत्री कमला नेगी, पवन पांडेय, अंजू पूर्वाल, किरण शर्मा, अनुराग शर्मा, शोभा चौहान, सपना पोखरियाल, लीला पोखरियाल, काजल मल, अनिता नेगी, इंदु क्षेत्री, दीपक क्षेत्री, डीएस मल, संगीता पोखरियाल आदि उपस्थित रहे।

### मालवीय नगर में सडक़ और नाली होगी चकाचक

ऋषिकेश। मालवीय नगर में खराब सडक़ और नालियों की हालत सुधरेगी। मंगलवार को मेयर अनिता ममगाईं ने निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। उन्होंने क्षेत्रवासियों की समस्याएं सुनीं और जल्द समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। मंगलवार को वार्ड भ्रमण करते हुए मेयर अनिता ममगाईं ने वार्ड 34 मालवीय नगर में सडक़ निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। उन्होंने कार्यदायी संस्था को मानकों के अनुरूप और समयावधि में निर्माण कार्य पूरा करने और जल निकासी को ध्यान में रखकर कार्य करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने जनता से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि जहां-जहां कार्य हो रहा है, उसकी गुणवत्ता की देखरेख स्वयं भी करें, ताकि गुणवत्तायुक्त कार्य हो सके। कहा कि मोदी एवं धामी सरकार ने जनहित में काम करते हुए लोगों के उत्थान की कई योजनाओं से उनके जीवन को बेहतर बनाने का प्रयास किया है। इस दौरान उन्होंने क्षेत्रवासियों की समस्याएं सुनीं और जल्द उनके निस्तारण का आश्वासन दिया। मौके पर पार्षद गौरव कौशिक, भाजपा मंडल महामंत्री गौरव कैंथोला, अवर अभियंता संदीप रतूड़ी, विनय बलोधी, राजेश कोठियाल, विजय जुगरान, सुनील कुटलहरिया, पूजा पोखरियाल, रामेश्वरी कंडवाल, मदन मोहन सेमवाल, सत्य कंडवाल, किरण शर्मा, बंटी कंडवाल, दिनेश नेगी, दीपक राजपूत आदि उपस्थित रहे।

### 22 फरियादियों में 14 पेंशन की समस्या लेकर पहुंचे

ऋषिकेश। जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए आयोजित तहसील दिवस में अतिक्रमण, सडक़, बिजली की समस्या समेत 22 मामले आए। इनमें वृद्धा, दिव्यांग और विधवा पेंशन से जुड़ी 14 शिकायत आयी। इनका मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। जबकि अन्य को संबंधित विभाग को अग्रसारित कर दिया। मंगलवार को ऋषिकेश तहसील मुख्यालय के सभागार में तहसील दिवस आयोजित किया गया। एसडीएम सौरभ असवाल ने बारी-बारी से जनसमस्याओं को सुना और उचित कार्रवाई के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों से जवाब तलब किया। सुबह से हो रही रिमझिम बारिश के बीच तहसील दिवस में 22 लोग अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। तहसील कर्मियों ने जनसमस्याओं को रजिस्टर में दर्ज किया और सुनवाई के लिए लोगों को एसडीएम के पास भेजा। दोपहर एक बजे के बाद लोगों के नहीं पहुंचने पर तहसील दिवस सिमट गया। नायब नाजिर बाबर खान ने बताया कि तहसील दिवस में 14 मामले समाज कल्याण विभाग की पेंशन से जुड़े आए, इनका मौके पर ही निस्तारण कर दिया। जबकि दो मामले तहसील, दो लोनिवि, एक नगर निगम और एक सिंचाई विभाग से जुड़ा था। इन पर कार्रवाई के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। मौके पर एसडीओ ऊर्जा निगम अरविंद नेगी, सहायक अभियंता लोनिवि लक्ष्मीकांत गुप्ता, अवर अभियंता जल संस्थान पिंकी चंद, सहायक समाज कल्याण अधिकारी महेश प्रताप सिंह, चिकित्साधिकारी डॉ. बीएस टोलिया आदि मौजूद रहे।

### जौलीग्रांट एयरपोर्ट के नए नामकरण को लेकर विरोध शुरू

ऋषिकेश। जौलीग्रांट एयरपोर्ट का नामकरण अटल बिहारी वाजपेयी के नाम पर रखने के प्रस्ताव का विरोध शुरू हो गया है। विपक्ष के नेता इस एतराज जता रहे हैं। कुछ लोग एयरपोर्ट का नामकरण शहीद दुर्गा मल्ल के नाम पर करने की मांग भी उठा रहे हैं। बीते दिनों जौलीग्रांट एयरपोर्ट पर विमानपत्तन सलाहकार समिति की बैठक में जौलीग्रांट एयरपोर्ट का नामकरण अटल बिहारी वाजपेयी के नाम पर करने का प्रस्ताव रखा गया था। समिति ने इस प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पारित कर सरकार को भेजा है। इसको लेकर अब विपक्षी पार्टियों के नेताओं ने एतराज जताना शुरू कर दिया है। मंगलवार को पूर्व सीएम हरीश रावत ने इस मामले में ट्वीट किया कि मेरे छोटे भाई डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक की अध्यक्षता में जौलीग्रांट देहरादून एयरपोर्ट का नामकरण अटल बिहारी वाजपेयी के नाम पर करने का प्रस्ताव पास हुआ है। वाजपेयी बहुलवादी दृष्टिकोण के व्यक्ति थे।

### रामनगर में एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष का कांग्रेसियों ने किया विरोध

हल्द्वानी। रामनगर में एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष विकास नेगी को खुद कांग्रेस कार्यकर्ता का विरोध झेलना पड़ा। कांग्रेसियों ने आरोप लगाया कि विकास नेगी के कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर वह सोमवार से जुटे थे। लेकिन वह कांग्रेस कार्यालय में नहीं पहुंच कर अन्य जगह पहुंच गए। कांग्रेसियों के विरोध और तीखी नोकझोंक को देखते हुए विकास नेगी को लौटना पड़ा गया। मंगलवार को विकास नेगी का कार्यक्रम रानीखेत रोड स्थित कांग्रेस कार्यालय में सुबह 11 बजे तय किया गया था। नगराध्यक्ष नगर अध्यक्ष भुवन शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष देशबंधु रावत व नगर पालिका अध्यक्ष हाजी मोहम्मद अकरम समेत कई कार्यकर्ता साढ़े दस बजे ही कार्यालय पहुंचने शुरू हो गए थे।